भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 618

गुरूवार, 21 जुलाई, 2022/30 आषाढ़, 1944 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

ओडिशा में पर्यटन क्षेत्र का विकास

618. डा. सस्मित पात्राः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ओडिशा राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में पर्यटक स्थल के रूप में ओडिशा का प्रदर्शन कैसा है और

(ग) ओडिशा में पर्यटन क्षेत्र को और अधिक विकसित करने के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य को 'स्वदेश दर्शन' तथा 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) सम्बन्धी राष्ट्रीय मिशन ' योजनाओं के अन्तर्गत पर्यटन सम्बन्धी अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य में 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' योजना के तहत परियोजना को भी स्वीकृति दी है। ओडिशा राज्य में उपरोक्त योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरणअनुबंध में दिया गया है।

वर्ष 2017 से 2021 के दौरान ओडिशा के सम्बन्ध में घरेलू तथा विदेशी पर्यटक आगमन इस प्रकार है:-

वर्ष	घरेलू	विदेशी
2017	**14011229**	**100014**
2018	**15208540**	**110818**
2019	**15307637**	**115128**
2020	**4622273**	**10206**
2021	**3742221**	**2269**

पर्यटन मंत्रालय ने ओडिशा राज्य सहित देश में पर्यटन क्षेत्र के संवर्धन और विकास के लिए पिछले कुछ वर्षों में अनेक कदम उठाए हैं जिसका ब्यौरा नीचे दिया गया है:-

i. 24x7 टोल फ्री बहुभाषी पर्यटक हेल्पलाइन शुरू की गई।
ii. 156 देशों के नागरिकों के लिए 5 उप-श्रेणियों अर्थात ई-पर्यटक वीजा, ई-बिजनेस वीजा, ई-मेडिकल वीजा, ई-मेडिकल अटेंडेंट वीजा और ई-कॉन्फ्रेंस वीजा के लिए ई-वीजा की सुविधा प्रदान करना।
iii. ई-वीजा को और अधिक उदार बनाया गया है और वीजा शुल्क में काफी कमी की गई है।
iv. अतुल्य भारत अभियानों के माध्यम से विभिन्न पर्यटन स्थलों तथा उत्पादों सहित एक सम्पूर्ण पर्यटन गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करना।
v. पर्यटन मंत्रालय की www.incredibleindia.org वेबसाइट पर विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों में पर्यटन गंतव्यों और विभिन्न पर्यटन उत्पादों का प्रदर्शन करना।
vi. अतुल्य भारत पर्यटक सुविधाप्रदाता प्रमाणन कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जो एक डिजिटल पहल है जिसका उद्देश्य पर्यटकों की सहायता के लिए देश भर में सुप्रशिक्षित पेशेवर पर्यटक सुविधाप्रदाताओं का एक पूल बनाने के उद्देश्य से एक ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म बनाना है।
vii. बेहतर मानक सेवा प्रदान करने हेतु जनशक्ति को प्रशिक्षित और उन्नत करने के लिए लिए सेवा प्रदाताओं के लिए क्षमता निर्माण (सीबीएसपी) योजना के तहत कार्यक्रमों का आयोजन करना।
viii. पर्यटन मंत्रालय की सिफारिश पर आरसीएस उडान 3 योजना के तहत नागर विमानन मंत्रालय द्वारा चिन्हित एयरलाइनों को 46 पर्यटन मार्ग प्रदान किए गए हैं। इनमें से 31 मार्गों को अब तक चालू कर दिया गया है।

****

अनुबंध

ओडिशा में पर्यटन क्षेत्र का विकास के सम्बन्ध में दिनांक 21.07.2022 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 618 के भाग (क) से (ग) के उत्तर मेंविवरण

स्वदेश दर्शन योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	परिपथ का नाम	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि
1.	ओडिशा	तटीय परिपथ	2016-17	गोपालपुर, बरकुल, सतपाड़ा और तंपारा का विकास।	**70.82**

प्रशाद योजना (करोड़ रु. में)

क्र. सं.	राज्य	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	अनुमोदित लागत
1.	ओडिशा	**2014-15**	मेगा परिपथ के तहत पुरी, श्री जगन्नाथधाम - रामचंडी देवली में प्राची रिवर फ्रंट में अवसंरचना विकास	**50.00**

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय ऐजेंसियों को सहायता सम्बन्धी योजना

(करोड़ रु. में)

क्र.सं.	राज्य	परियोजनाओं का नाम	केंद्रीय एजेंसी	स्वीकृत राशि
वर्ष 2016-**17**				
1.	ओडिशा	पुरी रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	रेल मंत्रालय	**6.15**

****